बरेली, शनिवार
26 मई 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+4=28

दैनिक जागरण

PAGE NO :- 9. LEFT MIDDLE

एसआरएमएस में 26 से विज्ञान शिविर

जासं, बरेली : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में में 26 से से 30 मई तक विज्ञान शिविर लगेगा। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित इस शिविर में दसवीं पास आउट विद्यार्थी भाग लेंगे। पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है। इंस्पायर की वेबसाइट पर पंजीकरण होंगे। यूपी बोर्ड से दसवीं में 72 फीसद और सीबीएसई आइसीएसई बोर्ड में 10 सीजीपीए हासिल करने वाले विद्यार्थी पंजीकरण करा सकेंगे। पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए कॉलेज में तैयारी चल रही है। शिविर में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच परखकर उसे विकसित किया जाएगा। इसमें दो सौ विद्यार्थी प्रशिक्षण लेंगे। इंजीनियरिंग के डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी तत्काल अपना पंजीकरण करा लें।